Date: 18.12.2024

# शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच

**देहरादून (एसएनबी)।** उत्तरांचल मेडिकल कालेज आफ आयुर्वेद एंड रिसर्च की ओर से प्रेमनगर स्थित श्री दुर्गा मंदिर श्यामपुर में निशुल्क चिकित्सा और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का 100 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। मंगलवार को आयोजित शिविर को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह रहा। शिविर में चिकित्सकों ने 100 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में पाइल्स, फिस्टुला, पिलोनिडल, साइनस आदि गुदा और मलाशय के रोगों का उपचार किया गया। शिविर डा. अमित भट्ट (निदेशक यूएमसीएआर) और डा. रवि जोशी (प्रिंसिपल यूएमसीएआर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में बतौर विशेषज्ञ डा. आमिर खान (सर्जन), डा. मुदित चौहान (डीएमएस), डा. सतविन्दर कौर (आरएमओ) ने रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। शिविर में इन्दु, प्रियांस कौशिक, अमित पुंडीर, दिनेश पुण्डीर, माधव नौटियाल, वर्धन कुमार ने सहयोग दिया।



# 100 मरीजों को दिया गया चिकित्सकीय परामर्श

देहरादून। उत्तरांचल मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं रिसर्च की ओर से प्रेमनगर के श्यामपुर क्षेत्र में चिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. अमित भट्ट ने कहा कि शिविर में 100 लोगों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस तरह के आयोजनों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा होती है। इस मौके पर डॉ. रवि जोशी, डॉ. आमिर खान, डॉ. मुदित चैहान, डॉ. सतविंदर कौर, प्रियांस कौशिक, अमित पुंडीर, दिनेश पुंडीर, माधव नौटियाल आदि मौजूद रहे। संवाद